संदेश

गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

गुरु रविदास एक महान संत और धार्मिक सुधारक थे, जिन्होंने अपना जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। गुरु रविदास जी ने मानव जाति को समता और न्याय तथा शांति और सौहार्द का संदेश दिया। वे आजीवन सामाजिक सामंजस्य और बंधुत्व के प्रसार के लिए कार्य करते रहे।

आइए इन महान संत की जयंती पर, हम सब उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए मानवता के हित में, सामाजिक ताने-बाने और बंधुत्व को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ें।

****